आकाशवाणी शिमला

19.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

कैबिनेट बैठक

राज्य सरकार ने हमीरपुर स्थित डॉक्टर राधाकृष्णन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में अत्याधुनिक कैंसर केयर सेंटर स्थापित करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आज शिमला में हुई प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में इस कैंसर केयर सेंटर में 11 नए विभागों की स्थापना सहित विभिन्न श्रेणियों के आवश्यक पदों को सृजित कर भरने को मंजूरी प्रदान की गई। बैठक में सामाजिक सुरक्षा नियम, 2010 में संशोधन करने का निर्णय लिया गया, ताकि लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन का समयबद्ध वितरण सुनिश्चित किया जा सके। इसके अलावा राज्य में उपलब्ध जियो थर्मल ऊर्जा संसाधनों की खोज व इनके दोहन को प्रोत्साहित करने के लिए राष्ट्रीय भू–तापीय ऊर्जा नीति को अपनाने की स्वीकृति दी गई। मंत्रिमंडल ने अनाथ व विधवाओं के लिए कल्याणकारी योजनाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से प्रदेश में पेट्रोल और हाई–स्पीड डीजल के प्वाइंट ऑफ फर्स्ट सेल पर 'ओरफन एण्ड विडो सेस' लगाने के लिए अध्यादेश लाने की स्वीकृति दी। यह सेस उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ डाले बिना इन कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पर्याप्त वित्तीय संसाधन सुनिश्चित करेगा। उद्योग व संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने बताया कि मंत्रिमंडल की बैठक में शिमला–दिल्ली–धर्मशाला के बीच हवाई सेवाएं बहाल करने को स्वीकृति दी गई। हर्षवर्धन चौहान ने बताया कि बैठक में प्रदेश में पंचायत चुनावों को उच्च न्यायालय के आदेशों के मुताबिक 30 अप्रैल से पहले करवाने पर सहमति बनी है। अब सरकार हाईकोर्ट के आदेशों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट नहीं जाएगी।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने स्वास्थ्य विभाग को सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को गुणवत्तायुक्त दवाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ शिमला में आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जल्द ही लगभग एक सौ करोड़ रुपये की दवाओं की खरीद के लिए टेंडर जारी करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि दवाईयां सीधे दवा निर्माता कंपनियों से खरीदी जाएंगी, जिससे सरकारी अस्पतालों में मरीजों को विश्वस्तरीय दवाइयां मिल सकें। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार के दृष्टिगत अनेक कदम उठाए हैं।

सिकंदर कुमार

राज्यसभा सांसद व प्रदेश भाजपा महामंत्री डॉ. सिकंदर कुमार, ने कहा है कि बूथ सशक्तिकरण भाजपा संगठन का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है जिसके माध्यम से पार्टी बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं से संवाद करती है और संगठन कार्यक्रमो को आगे बढ़ाती है। ठियोग–कुमारसैन विधानसभा क्षेत्र के ग्राम केन्द्र नहोल–टयाली के पांच बूथों की संयुक्त बैठक में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए सिकंदर कुमार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अपना बूथ सबसे मजबूत के ध्येय के साथ निरंतर काम करती है। उन्होंने कहा कि बूथ पर कार्य करने वाले कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हैं जो अपने अथक परिश्रम से पार्टी को मजबूत करते हैं।

वंदे मातरम

वंदे मातरम गीत के एक सौ 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में देश भर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सिरमौर जिला मुख्यालय नाहन के चौगान मैदान में भी भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां पुलिस बैंड ने देश भक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक निश्चिंत सिंह नेगी ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को देश भक्ति की भावना से जोड़ना है। उन्होंने युवाओं से देश प्रेम के साथ–साथ नशे से दूर रहने का आह्वान किया।